प्रेस विज्ञप्ति

गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय
पंतनगर, जिला– ऊधमसिंह नगर (उत्तराखण्ड)

विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों का नामी कम्पनियों में चयन

पंतनगर। 8 नवम्बर 2024। विश्वविद्यालय के सेवायोजन एवं परामर्श निदेशालय के माध्यम से मैसर्स मवाना शुगर्स लिमिटेड कम्पनी में साक्षात्कार के आधार पर तीन विद्यार्थियों क्रमशः रोहित पंत, बी.एससी. एग्रीकल्चर; कुन्दन कुमार, एम.एससी. एग्रीकल्चर बायोटेक्नालजी एवं फरहान अहमद, एम.एससी. एग्रीकल्चर एंटोमोलॉजी का चयन किया गया। चयनित विद्यार्थी को प्रशिक्षण के उपरान्त लगभग वित्तीय प्रतिवर्ष रू. 4.20 लाख प्रतिवर्ष देय होगा।

इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलपति, डा. मनमोहन सिंह चौहान ने चयनित विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। सेवायोजन एवं परामर्श निदेशक, डा. एम. एस. नेगी ने भी सफल विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दी तथा बताया कि इसी प्रकार अन्य क्षेत्रों में भी यह निदेशालय प्रयासरत है तथा अधिक से अधिक विद्यार्थियों की सफलता की कामना करता है।

(1) रोहित पंत

(2) कुन्दन कुमार

(3) फरहान अहमद

निदेशक संचार